भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1317
मंगलवार, 30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

डिंडीगुल ताले हेतु जीआई टैग

1317. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने डिंडीगुल के तालों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया है, जो अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और टिकाऊपन के लिए संपूर्ण विश्व में इतने प्रसिद्ध हैं कि तमिलनाडु के डिंडीगुल शहर को लॉक सिटी कहा जाता है;

(ख) क्या सरकार के पास ताला विनिर्माता के लाभ हेतु एक केंद्रीय सहकारी समिति के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध डिंडीगुल ताला बनाने के लिए ऐसी किसी समिति को स्थापित करने/शुरू करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क): डिंडीगुल लॉक, हार्डवेयर और स्टील फर्नीचर वर्कर्स इंडस्ट्रीयल को-ओपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, डिंडीगुल, तमिलनाडु द्वारा डिंडीगुल तालों के पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया और तमिलनाडु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य परिषद द्वारा इसमें सहायता प्रदान की गई। डिंडीगुल के ताले, 30 अगस्त, 2019 के जीआई आवेदन सं. 400 द्वारा माल का भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत पंजीकृत किए गए है।

(ख) और (ग): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****